समाचार–प्रकाशनार्थ :–

स्वच्छता कार्य में नियुक्त वार्डवार पर्यवेक्षक अपने–अपने वार्डो में प्रतिदिन भ्रमण करें प्रतिदिन की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में अपलोड करें

रतलाम 26 फरवरी । स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाने हेतु युद्ध स्तर पर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में वार्ड वार नियुक्त पर्यवेक्षकों अपने–अपने वार्डो में सफाई कार्य हेतु पर्यवेक्षण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार किया जाकर प्रतिदिन के पर्यक्षण कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में दी जाकर स्वच्छता संबंधी कार्य करवाया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 5, 37, 38, 39 व 46, के पर्यवेक्षकों ने अपने–अपने वार्ड में भ्रमण कर जानकारी प्रस्तुत की जिसके तहत वार्ड क्रमांक 5 में सफाई संरक्षक समय पर उपस्थित नहीं हुए इसी तरह वार्ड 37 में 6, 38 में 3 व वार्ड 46 में 2 सफाई संरक्षक अनुपस्थित पाये गये इसके अलावा वार्ड 39 स्थित पैलेस रोड पर घांस विक्रेता से घांस जब्त की गई।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने नियुक्त पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया है कि वे अनिवार्य रूप से प्रतिदिन अपने–अपने वार्डो में प्रातः 6 बजे से भ्रमण कर प्रतिदिन के कार्य की रिपोर्ट व्हाट्स एप ग्रुप में अपलोड़ करें। वार्डो में भ्रमण नहीं करने वाले पर्यवेक्षकों व जानकारी नहीं देने वाले पर्यवेक्षकों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

25 फरवरी को आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड वार नियुक्त 23 पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया था कि वे अपने–अपने वार्डो में प्रातः 6 बजे से भ्रमण कर वार्ड में साफ–सफाई, विशेष रूप से सड़को, नालियों की सफाई, उद्यानों की साफ–सफाई व रख–रखाव करवाना, सार्वजनिक दिवारों पर स्वच्छता का संदेश देने वाली वॉल पेंटिग करवाना, सर्वेक्षण के मानक अनुसार वार्डो में साइनेज का कार्य करवाना, वार्डो में उचित दूरी पर डस्टबीन रखवाना, कचरा संग्रहण वाहनों की मॉनीटरिंग करना, कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिकों को प्रेरित करना, पृथक्कीकरण अवस्था में कचरा ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाना, वार्डो में आईईसी गतिविधियां संचालित कर नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करना, कचरा संग्रहण वाहनों की जीपीएस ट्रेकिंग करवाना, थोक कचरा उत्सर्जन वाले संस्थानों में उनके ही स्थल पर जैविक खाद निर्माण करवाना, नागरिकों को होम कम्पोस्टिंग किये जाने हेतु प्रेरित किये जाने के साथ ही अपने–अपने वार्डो में 6–6 बेस्ट पांईट चिन्हित करें करने के निर्देश दिये थे।

इसके अलावा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रतिदिन के कार्यो की रिपोर्ट प्रतिदिन सांय 6 बजे प्रस्तुत करेंगे। स्वच्छता के कार्य को सुगम बनाने व कार्य में गति प्रदान करने हेतु नियुक्त पर्यवेक्षेक व्हाट्स एप ग्रुप प्रतिदिन की रिपोर्ट अपलोड करें।